प्रेषक,

**आलोक कुमार,**
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. कृषि उत्पादन आयुक्त, उ0 प्र0 शासन ।
2. अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, उ0प्र0शासन ।
3. समाज कल्याण आयुक्त, उ0प्र0 शासन ।
4. समस्त अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव/ सचिव, उ0प्र0शासन ।

नियोजन अनुभाग-4 लखनऊ दिनांक: मार्च, 2023

**विषय** : प्रदेश की वन ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था हासिल करने हेतु नियमित रूप से मासिक समीक्षा बैठक हेतु सेक्टोरल प्रभारी अधिकारी नामित किये जाने के सम्बन्ध में ।

महोदय,

कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग के शासनादेश संख्या– 1/224548/2022 दिनांक 13-10-2022 के अन्तर्गत विभिन्न विभागों द्वारा मा0 मंत्रि-मण्डल के समक्ष प्रस्तुत किये गये रोडमैप/ कार्ययोजना के अनुश्रवण एवं प्रदेश की एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था हासिल करने हेतु सेक्टरवार प्रभारी अधिकारी नामित किया गया है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त शासनादेश के बिन्दु-3 में वर्णित व्यवस्था "प्रदेश की वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था हासिल करने हेतु नियमित रूप से मासिक समीक्षा बैठक की जायेगी", के सम्बन्ध में निम्नानुसार सेक्टोरल प्रभारी अधिकारी नामित किया जाता है:-

| क्र0सं0 | सेक्टर | सब सेक्टर | सेक्टोरल प्रभारी अधिकारी |
|---|---|---|---|
| 1 | Primary | कृषि | अपर मुख्य सचिव, कृषि |
| | | मत्स्य | अपर मुख्य सचिव, मत्स्य |
| | | पशुधन | अपर मुख्य सचिव, पशुधन |
| | | वानिकी | अपर मुख्य सचिव, वन |
| | | खनन | सचिव, खनन |
| 2 | Secondary | विनिर्माण | अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त |
| | | विद्युत गैस एवं जल सम्पूर्ति | अपर मुख्य सचिव, ऊर्जा |
| | | निर्माण | प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन |
| 3 | Tertiary | व्यापार, होटल व जलपान गृह | अपर मुख्य सचिव , राज्य कर |
| | | परिवहन, संग्रहण, संचार | अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, परिवहन |
| | | वित्तीय सेवाएं | अपर मुख्य सचिव, वित्त |
| | | स्थावन सम्पदा, आवास गृहों का स्वामित्व व व्यवसायिक सेवायें | प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन |
| | | सार्वजनिक प्रशासन | अपर मुख्य सचिव, वित्त |
| | | अन्य सेवायें | अपर मुख्य सचिव, वित्त |

3- कृपया उपर्युक्तानुसार नामित सेक्टोरल प्रभारी अधिकारी वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था हासिल करने हेतु अपने सेक्टर के अंतर्गत सब सेक्टर में अंकित विभाग/विभागों की नियमित रूप से निम्नानुसार मासिक समीक्षा/अनुश्रवण करेंगे:-

- उपरोक्त सब-सेक्टर से जुड़े हुए विभाग/विभागों के सम्बन्ध में अर्थ एवं संख्या प्रभाग द्वारा विभागीय ऑकड़ों के आधार पर बनाए गए Advanced/Revised/Quick/Provisional estimates के सम्बन्ध में विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए उनका परीक्षण कर estimates को अंतिम रूप देने से पूर्व अपनी सहमति प्रदान की जाएगी।
- वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल करने हेतु सम्बन्धित सब-सेक्टर से जुड़े हुए विभाग/विभागों के सम्बन्ध में क्या-क्या कदम उठाये जायेंगे, इस सम्बन्ध में विभाग/विभागों से समन्वय करते हुए उसकी रणनीति तैयार कराते हुए लक्षित growth की प्राप्ति का निरन्तर अनुश्रवण किया जाएगा।

उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे।

भवदीय,

Signed by आलोक कुमार III
Date: 24-03-2023 13:26:02
Reason: Approved

(आलोक कुमार)
प्रमुख सचिव।

संख्या एवं दिनांक उपरोक्तानुसार

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित :-

1. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश शासन।
2. प्रमुख स्टाफ आफीसर, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
3. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(अमृत त्रिपाठी),
विशेष सचिव